NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्प्लाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No: 142/NCRES/20 Date: 24.7.2020

श्रीमान महाप्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— प्रयागराज में IRWO आवास का दूसरा फेज चालू करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः— (i) NCRES PNM मद संख्या 10/7/2017
(ii) NCRES PNM बैठक दिनांक 25 फरवरी 2020 के प्रारम्भिक मद में आपके द्वारा दिया गया आश्वासन।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि दिनांक 25/26 फरवरी 2020 को NCRES के साथ PNM बैठक के प्रारम्भिक भाषण के समय सहायक महासचिव श्री आलोक सहगल द्वारा प्रयागराज में IRWO आवास श्रृंखला का दूसरा फेज चालू करवाने की मांग की गयी थी जिस पर आप द्वारा कर्मचारी हित में व्यक्तिगत ध्यान देते हुये उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था।

यह भी अवगत करना है कि PNM मद सं. 10/7/2017 पर विस्तार से चर्चा होने के बाद IRWO के चेयरमैन को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे द्वारा दिनांक 19.4.2017, 4.10.2017 एवं 2.1.2019 को पत्र लिखा गया है लेकिन अभी तक IRWO द्वारा दूसरे फेज की कार्यवाही शुरू नही हुई है।

अतः NCRES आपसे पुनः मांग करता है कि प्रयागराज में प्राइवेट आवासों/जमीनों की ऊंची कीमतों के कारण कर्मचारियों को उसके क्रय में असमर्थता को देखते हुए "No Profit No Loss Basis" पर IRWO द्वारा प्रयागराज में आवास निर्माण का दूसरा फेज चालू करने हेतु उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री